Need for conservation and development of tourist destinations in Khandwa Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh-Laid

श्री ज्ञानेश्वर पाटील (खण्डवा) **:** मैं सरकार का ध्यान मध्य प्रदेश राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने की ओर दिलाना चाहता हूँ । मध्यप्रदेश, जिसे "भारत का हृदय" कहा जाता है, अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्मारकों, वन्यजीव अभयारण्यों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विख्यात है । मेरे संसदीय क्षेत्र खंडवा के अंतर्गत यहाँ असीरगढ़ का किला, कुण्डी भंडारा, राजा जयसिंह की छतरी, जैन मंदिर बहादर पुर, राम झरोखा मंदिर, कबीर मंदिर, स्वामी नारायण मंदिर, जयंती माता मंदिर, पेशवा बाजीराव (प्रथम) का स्मारक, हनुमंतिया टापू और ओंकारेश्वर जैसे धार्मिक स्थल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं । पर्यटन न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करता है । इन अमूल्य धरोहरों का दीर्घकालिक संरक्षण और प्रभावी रखरखाव सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है । इन पर्यटन स्थलों का रखरखाव केवल सौंदर्यीकरण का विषय नहीं है, बल्कि यह राज्य के आर्थिक भविष्य और सांस्कृतिक पहचान का भी प्रतीक है । मैं पर्यटन मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि पर्यटन स्थलों के संरक्षण और विकास के लिए कोई विशिष्ट परियोजना चलाई जाए तथा उस हेतु आवश्यक धनराशि आवंटित की जाए या केंद्र सरकार की विभिन्न पर्यटन विकास योजनाओं, जैसे 'स्वदेश दर्शन' और 'प्रसाद' योजना में उक्त पर्यटन स्थलों को सम्मिलित किया जाए जिससे यह राज्य देश के अग्रणी पर्यटन स्थलों में शुमार हो सके ।